
TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




teachersofbihar@gmail.com

https://twitter.com/teachersofbihar

https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

22 सितंबर 2025

Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

यदि आप धनवान हैं तो विनम्र बनें फल लगने पर पौधे झुक जाते हैं।

साईं बाबा



राकेश कुमार

www.teachersofbihar.org

मधु प्रिया

# माइकल फैलाने का जन्म 22 सितंबर



माइकल फैराडे का जन्म 22 सितंबर 1791 ई. को हुआ। इनके पिता बहुत गरीब थे और लुहारी का कार्य करते थे। इन्होंने अपना जीवन लंदन में जिल्दसाज की नौकरी से प्रारंभ किया। समय मिलने पर रसायन एव विद्युत् भौतिकी पर पुस्तकें पढ़ते रहते थे। सन् 1813 ई. में प्रसिद्ध रसायनज्ञ, सर हंफ्री डेवी, के व्याख्यान सुनने का इन्हें सौभाग्य प्राप्त हुआ। इन व्याख्यानों पर फैराडे ने टिप्पणियाँ लिखीं और डेवी के पास भेजीं। सर हंफ्री डेवी इन टिप्पणियों से बड़े प्रभावित हुए और अपनी अनुसंधानशाला में इन्हें अपना सहयोगी बना लिया। फैराडे ने लगन के साथ कार्य किया और निरंतर प्रगति कर सन् 1833 में रॉयल इंस्टिट्यूट में रसायन के प्राध्यापक हो गए।अपने जीवनकाल में फैराडे ने अनेक खोजें कीं। सन् 1831 में विद्युच्चुंबकीय प्रेरण के सिद्धांत की महत्वपूर्ण खोज की। चुंबकीय क्षेत्र में एक चालक को घुमाकर विद्युत्-वाहक-बल उत्पन्न किया। इस सिद्धांत पर भविष्य में जनित्र (generator) बना तथा आधुनिक विद्युत् इंजीनियरी की नींव पड़ी। इन्होंने विद्युद्विश्लेषण पर महत्वपूर्ण कार्य किए तथा विद्युद्विश्लेषण के नियमों की स्थापना की, जो फैराडे के नियम कहलाते हैं। विद्युद्विश्लेषण में जिन तकनीकी शब्दों का उपयोग किया जाता है, उनका नामकरण भी फैराडे ने ही किया। क्लोरीन गैस का द्रवीकरण करने में भी ये सफल हुए। परावैद्युतांक, प्राणिविद्युत्, चुंबकीय क्षेत्र में रेखा ध्रुवित प्रकाश का घुमाव, आदि विषयों में भी फैराडे ने योगदान किया। आपने अनेक पुस्तकें लिखीं, जिनमें सबसे उपयोगी पुस्तक "विद्युत् में प्रायोगिक गवेषणाएँ" (Experimental Researches in Electricity) है। फैराडे जीवन भर अपने कार्य में रत रहे। ये इतने नम्र थे कि इन्होंने कोई पदवी या उपाधि स्वीकार न की। रायल सोसायटी के अध्यक्ष पद को भी अस्वीकृत कर दिया। धुन एवं लगन से कार्य कर, महान वैज्ञानिक सफलता प्राप्त करने का इससे अच्छा उदाहरण वैज्ञानिक इतिहास में न मिलेगा। सर हंफ्री डेवी भी फैराडे को अपनी सबसे बड़ी खोज मानते थे। उन्होंने पूरे विश्व में सबसे पहले मोटर की कल्पना की और एक प्रयोग में विद्युत से एक छड को विद्युत धारा में उत्पन्न चुम्बकीय क्षेत्र से घुमाया जो कि उनकी पहली खोज थी। माइकल फैराडे की मृत्यु 25 अगस्त 1867 ई. को हुई।

# पुण्यतिथि विशेष 22 सितंबर



## मंसूर अली ख़ान पटौदी

**मंसूर अली ख़ान पटौदी** अथवा 'नवाब पटौदी' (*Mansoor Ali Khan Pataudi*, जन्म- 5 जनवरी, 1941, भोपाल, मध्य प्रदेश; मृत्यु- 22 सितंबर, 2011 दिल्ली) भारतीय क्रिकेट टीम के भूतपूर्व कप्तान और महान् खिलाड़ी थे। अपनी कलात्मक बल्लेबाजी से अधिक कप्तानी के कारण क्रिकेट जगत् में अमिट छाप छोड़ने वाले मंसूर अली ख़ान पटौदी ने भारतीय क्रिकेट में नेतृत्व कौशल की नई मिसाल और नए आयाम जोड़े थे।

# नवरात्र आरंभ विशेष



नवरात्र अथवा नवरात्रि, हिंदुओं का एक प्रमुख पर्व है। नवरात्र एक संस्कृत शब्द है, जिसका अर्थ होता है 'नौ रातों का समय'। इन नौ रातों और दस दिनों के दौरान, शक्ति/देवी की पूजा की जाती है। साल में चार बार नवरात्र आते हैं। माघ, चैत्र, आषाढ़ और आश्विन। यह चंद्र-आधारित हिंदू महीनों में चैत्र, माघ, आषाढ़ और आश्विन (क्वार) प्रतिपदा से नवमी तक मनाया जाता है। चैत्र मास में वासंतिक अथवा वासंतीय और दूसरा आश्विन मास में शारदीय नवरात्र। शारदीय नवरात्र का समापन दशहरा को दुर्गा प्रतिमा के विसर्जन के रूप में होता है। हिन्दू कैलेंडर के हिसाब से के सबसे पहले चैत्र मास में 9 दिन चैत्र नवरात्र के होते है।



राकेश कुमार

# MATH TLM

38 Class-6to8

## महत्वपूर्ण सूत्र (औसत)

**कोई संख्या x के प्रथम y गुणज का औसत**

$$= \frac{x+(x\times y)}{2}$$

**जैसे - 3 के प्रथम सात गुणज का औसत क्या है?**

हलः- औसत $= \frac{3+(3\times 7)}{2} = \frac{3+21}{2}$

$$= \frac{24}{2} = 12$$

Anu Priya, Science Teacher

TOB

खेल कॉर्नर

# ICC टी-20
# ऑलराउंडर्स रैंकिंग

| रैंक | प्लेयर | टीम | पॉइंट्स |
|---|---|---|---|
| 1 | हार्दिक पांड्या | भारत | 237 |
| 2 | मोहम्मद नबी | अफगानिस्तान | 213 |
| 3 | सिकंदर रजा | जिम्बाब्वे | 210 |
| 4 | दीपेंद्र सिंह ऐरी | नेपाल | 209 |
| 5 | रोस्टन चेज | वेस्टइंडीज | 196 |
| 6 | सईम अयूब | पाकिस्तान | 196 |
| 7 | लियम लिविंगस्टन | इंग्लैंड | 189 |
| 8 | वनिंदू हसरंगा | श्रीलंका | 185 |
| 9 | रोमारियो शेफर्ड | वेस्टइंडीज | 183 |
| 10 | मार्कस स्टोयनिस | ऑस्ट्रेलिया | 179 |

Teachers of Bihar

The Change Makers

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द 22.09.2025

## भाषा में निपुणता

भाषा में निपुणता का अर्थ है भाषा के चारों कौशलों - सुनना, बोलना, पढ़ना और लिखना - में कुशलता प्राप्त करना। यह केवल शब्दावली और व्याकरण के ज्ञान तक सीमित नहीं है, बल्कि सामाजिक संदर्भों में भाषा का प्रभावी ढंग से उपयोग करने, विचारों को सुसंगत और आकर्षक तरीके से प्रस्तुत करने तथा आत्मविश्वास से संवाद करने की क्षमता भी है। भाषा में निपुणता प्राप्त करने के लिए समृद्ध भाषिक परिवेश, व्याकरण के नियमों की समझ और निरंतर अभ्यास आवश्यक है।


रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान
कठिन संघर्षों के बावजूद, कालाहांडी की आदिवासी बेटी बिदु नायक ने NEET परीक्षा पास करके मेडिकल कॉलेज में दाखिला लिया है।
www.teachersofbihar.org
राकेश कुमार

# Teachers of Bihar

The change makers



## गुणकारी फल

### संतरा



मैं vit.B और C से भरपूर हूं। मुझमें प्रोटीन, कार्बोहाइड्रेट, पानी, फाइबर, सोडियम, पोटेशियम, फास्फोरस, आयरन, मैग्नीशियम, मैंगनीज, कैल्शियम, कॉपर, जिंक  भी भरपूर मात्रा में पाया जाता है।

Anu priya

# Teachers of Bihar
The change makers

## English TLM

# Homophones

Words that sounds the same but spelled differently and have different meanings

Ate



खाया

Eight



आठ

www.teachersofbihar.org.in

Anupriya

# पद्य पंकज


“

मन कटुवाणी से आहत हो
भीतर तक चलनी हो जाये,
फिर बाद कहे प्रिय वचनों का
यह जाता कोई अर्थ नहीं।

रामधारी सिंह दिनकर


www.padyapankaj.teachersofbihar.org

Madhu priya


TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
महान वैज्ञानिक
माइकल फैराडे
की जयंती पर
श्रद्धापूर्वक नमन।
22 सितंबर 1791-25 अगस्त 1897
Madhu priya
www.teachersofbihar.org

22 सितंबर

# पुण्यतिथि पर कोटि-कोटि नमन।




# गुरु नानक देव


## सिखों के प्रथम गुरु

Madhu priya


Happy Daughter's Day
बेटियां सभी के नसीब में कहा होती है
घर ईश्वर को पसंद आए वहां होती है।
22 सितंबर
TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
देशवासियों को बेटी दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं।
www. teachersofbihar.org
Madhu priya



TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
शारदीय नवरात्र
की हार्दिक शुभकामनाएं।
www.teachersofbihar.org
Madhu priya


Teachers
Of
Bihar
TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
शारदीय नवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएँ
www.teachersofbihar.org

22 सितंबर



# शारदीय नवरात्रि

## की हार्दिक शुभकामनाएं

www.teachersofbihar.org

Punita Kumari